गैरसैंण,सोमवार
30 दिसम्बर 2024
वर्षः 16
अंकः 223 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### स्वाति मालीवाल ने खोला स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा

नई दिल्ली , आम आदमी पार्टी की पूर्व नेता और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वह अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दिल्ली की अव्यवस्थाओं पर सवाल उठाती दिखाई दे रही हैं। बारिश के बाद कभी वह जल भराव पर निशाना साधती हैं तो कभी अस्पतालों की हालत पर। इसी कड़ी में स्वाति मालीवाल ने एक बार फिर अस्पताल का दौरा कर वहां की अव्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में एक वीडियो के साथ लिखा, दिल्ली के इहबास अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। लोग घंटों घंटों दवा लेने के लिए अस्पताल के बाहर सडक़ पर ठंड में सोते हैं। सुबह काउंटर खुलता है, भीड़ अंदर किसी तरह पहुंचती है तो दवा नहीं मिलती। इस अस्पताल के बाहर मुझे 70–80 साल के बुजुर्ग और महिलाएं ठंड में ठिठुरते हुए मिले। ये है बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान? ना टॉयलेट साफ है, ना पीने को पानी मिलता है। सोशल मीडिया, रील और प्रेस कॉन्फ्रेंस में सब कुछ अच्छा दिखता है।

### दो दिन बारिश के बाद नैनीताल में धूप खिलने से राहत

नैनीताल। नैनीताल में रविवार को मौसम सामान्य बना रहा। दिन भर धूप, बादलों के साथ–साथ हल्की बारिश भी हुई। मौसम के इस बदले मिजाज के चलते तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। शहर में रविवार की सुबह गुनगुनी धूप खिली। करीब 3 बजे घने बादलों ने डेरा जमाना शुरू किया और हल्की बारिश भी शुरू हो गई। बीते दो दिनों से बारिश के बाद धूप खिलने से स्थानीय और पर्यटकों ने राहत की सांस ली। एरीज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह के अनुसार अभी पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी रहेगा। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान छह और अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# कौन हैं एरिका हूबर जिनके मन में बसता है आयुर्वेद

## पीएम मोदी ने मन की बात में किया जिक्र

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। हर बार की तरह पीएम ने देश की परम्परा और अनूठे प्रयोगों के बारे में देशवासियों को बताया। उन्होंने पराग्वे की एरिका हूबर का भी जिक्र किया। इंजीनियरिंग की छात्रा जिसके दिल में भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति बसती है। एरिका अमेरिका के कैलिफोर्निया कॉलेज ऑफ आयुर्वेद में हेल्थ काउंसलर हैं। वह इसी कॉलेज में



छात्रों को आयुर्वेद के बारे में पढ़ाती हैं। इस आयुर्वेदिक कॉलेज की स्थापना 1995 में डॉ मार्क हेल्पर्न ने की थी। कॉलेज की आधिकारिक साइट में आयुर्वेद को लेकर समर्पण का भाव साफ दिखता है। भारतीय चिकित्सा पद्धति को मार्गदर्शक के तौर पर बताया गया है।

एरिका समय–समय पर अन्य जगहों पर भी आयुर्वेद की कंसल्टेशन और आयुर्वेद से जुड़े कोर्सेज के बारे में जानकारी दी जाती रहती हैं। उन्होंने 30 जुलाई 2024 को पराग्वे स्थित भारतीय दूतावास में निःशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श सत्र शुरू किया था। इसके बाद वह नियमित रूप से अपने सत्र आयोजित कर रही हैं। यह जानकारी पराग्वे स्थित भारतीय दूतावास ने अपने एक्स अकाउंट में दी थी। उनके इन कार्यक्रमों के लिए भारतीय दूतावास सार्वजनिक सूचना जारी करता है। इच्छुक लोगों से इस फ्री कंसल्टेशन के लिए फार्म भरवाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 117 वें एपिसोड में रविवार को कहा कि दक्षिण अमेरिका का एक देश है पराग्वे। वहां रहने वाले भारतीयों की संख्या 1 हजार से ज्यादा नहीं होगी। पराग्वे में एक अद्भुत प्रयास हो रहा है। वहां भारतीय दूतावास में एरिका हूबर फ्री आयुर्वेद कंसल्टेशन देती हैं। आयुर्वेद की सलाह लेने के लिए भी आज उनके पास स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

# खाई में गिरा तहसीलदार का वाहन, पीआरडी जवान सहित दो की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** रिखणीखाल-दुधारखाल मार्ग पर सीरवाना के नजदीक रिखणीखाल तहसीलदार का वाहन खाई में गिर गया। हादसे में पीआरडी के एक जवान समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। रिखणीखाल पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। गांव सीरवाना के पास एक मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 30 मीटर नीचे गहरी खाई में गिर गया। रिखणीखाल थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल के नेतृत्व में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर चालक सतपाल (41) को वाहन से बाहर निकालकर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिखणीखाल भेजा। यहां से कोटद्वार के लिए रेफर किया गया। सतपाल कोटद्वार के खूनीबड़ क्षेत्र का निवासी है। वह रिखणीखाल तहसीलदार का चालक है। खाई में गिरकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए वाहन में दो



व्यक्ति फंसे थे। वाहन को आपदा उपकरणों से काटकर उन्हें बाहर निकाला गया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। एक मृतक की पहचान मनवर सिंह (40) पुत्र दिलबर सिंह, निवासी डोबरिया, तहसील रिखणीखाल के रूप में हुई। मनवर पीआरडी का जवान था और तहसील रिखणीखाल में ही तैनात था। दूसरे मृतक की पहचान जसबीर सिंह (36) पुत्र भगत सिंह, निवासी बगर गांव, तहसील रिखणीखाल के रूप में हुई। जसबीर रिखणीखाल में दुकान चलाता था। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना का कारण अंध मोड़ और संकरी सड़क होने के साथ साथ बारिश के बाद घना कोहरा होना बताया जा रहा है। अभी चालक कुछ बता नहीं पा रहा है। घटना की जानकारी की जा रही है।

# सोमवती अमावस्या स्नानः मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में बांटा

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में बांटा गया है। एसपी सिटी पंकज गैरोला को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने ब्रीफिंग के बाद अधीनस्थों के साथ हरकी पैड़ी क्षेत्र का जायजा लिया और अधिकारियों को सख्ती से यातायात प्लान लागू कराने के निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने कहा कि सभी जोनल और सेक्टर अधिकारी समय से ड्यूटियों को चेक कर लें। हर जोनल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में वैकल्पिक मार्गों पर भीड़ बढ़ने की दशा में जनसंख्या के दबाव को नियंत्रित करें। हर प्वाइंट पर नियुक्त पुलिसकर्मी का अपना विशेष महत्व है। थोड़ी सी भी लापरवाही से कोई भी समस्या



उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी लोग अपनी अपनी जिम्मेदारियों का दृढ़ता एवं संयम के हाथ निर्वहन करेंगे। मनसा देवी, चंडी देवी में ड्यूटी प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि श्रद्धालु कतार में ही आगे बढ़ें। भीड़ का दबाव बढ़ने पर तत्काल कंट्रोल रूम को जानकारी देने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखेंगे। महिला घाट पर नियुक्त महिला कर्मी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी दें। किसी को भी स्नान के लिए बहुत अधिक समय नहीं दिया जाए। महिला घाट से श्रद्धालुओं को लगातार बाहर निकलते हुए उनके गंतव्य को भेजा जाए। घाटों पर नियुक्त जल पुलिस की टीमें लगातार मौजूद व सतर्क रहें जिससे कि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं

विकासनगर। बर्फबारी के बाद चकराता और पछुवादून क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया है। रविवार को सुबह से ही धूप खिली रहने के बावजूद मौसम में ठिठुरन रही। ठंड के चलते बाजारों की चहल–पहल भी प्रभावित रही। सर्दी बढ़ने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं। बुजुर्ग और बच्चों की सेहत पर मौसम का असर पड़ने लगा है। दो दिन हुई बर्फबारी के बाद बर्फ पिघलने से चकराता क्षेत्र के साथ ही पछुवादून भी कड़–ाके की सर्दी की चपेट में आ गया है। चकराता की ऊंची पहाड़ियों देवबन, खडम्बा, मुंडाली, लोखंडी, लोहारी, जाड़ी, कोटी कनासर आदि पर बर्फ जमी हुई है। बर्फ गलने से चल रही बर्फीली हवाओं से क्षेत्र में शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया है। लोहारी निवासी शेर सिंह चौहान, जाड़ी के शमशेर सिंह, शूरवीर सिंह आदि का कहना है कि गांव की पगडंडियों और जंगलों आदि में बर्फ जमी है। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। साथ ही पशुपालक अपने पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, मोटर मार्गों पर रात के समय पाला पड़ने से वाहन चलाने में परेशानी हो रही है।

# मन की बात राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रहा : धामी

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 117 वें संस्करण को सुनते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इससे लोगों को हमेशा नई प्रेरणा मिलती है। मन की बात राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने सीएम आवास में मन की बात को सुना। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश में हर क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं। फिल्म और मनोरंजन उद्योग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आयुर्वेद, भाषा, संगीत और कला के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर अलग पहचान बना रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई



है। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। कैंसर से लड़ाई में केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना अहम भूमिका निभा रही है। इस योजना की वजह से कैंसर के 90 प्रतिशत मरीज समय पर अपना इलाज शुरू करा पाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में किसान उत्पादक संघों को बढ़ावा देने की बात कही है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में किसान उत्पादक संघों को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कार्य किया गया है। राज्य सरकार किसान उत्पादक संघ को मजबूत करने की दिशा में और तेजी से कार्य करेगी। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



## सम्पादकीय

# मर्यादा और गरिमा पर्यटन में सर्वोपरि

आने वाला एक सप्ताह उत्तराखंड में पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसका एक मुख्य कारण जहां नए साल का आगमन है तो वही शीतकालीन चार धाम यात्रा को लेकर भी लोगों में काफी उत्साह नजर आया है। राज्य सरकार ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए न केवल पर्यटक स्थलों में बल्कि तीर्थ स्थलों में भी व्यापक बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ सुरक्षा के प्रबंध किए हैं ताकि पर्यटक एवं धार्मिक उद्देश्य से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से परेशानियों का सामना न करना पड़े। चार धाम यात्रा समाप्त होने के बाद सामान्यत: चारों धाम में आवाजाही बंद हो जाती है लेकिन इस बार सरकार ने शीतकालीन चार धाम यात्रा के फार्मूले को भी पर्यटन की दृष्टि से प्रोत्साहित किया है और इसके लिए बाकायदा बड़े स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया गया है। इधर उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों में नव वर्ष के आगमन को लेकर भी पर्यटकों में उत्साह देखा गया है और अनुमान लगाया जा रहा है कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मसूरी नैनीताल जैसे दूसरे पर्यटक स्थलों पर सैलानियों की उत्साह जनक उपस्थित देखने को मिलेगी। इधर एक तरफ पर्यटकों के लिए व्यापक सुरक्षा एवं बुनियादी प्रबंध किए गए हैं तो वहीं सबसे बड़ी चुनौती इस दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने की है। अक्सर देखा गया है कि नववर्ष के अवसर पर ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती हैं जिससे न केवल पर्यटकों को बल्कि स्थानीय लोगों को भी काफी परेशानियों का काम सामना करना पड़ता है। या बेहद जरूरी है कि उत्तराखंड में आने वाले पर्यटक यहां की मर्यादा एवं गरिमा को अवश्य में ध्यान में रखें खास तौर से धार्मिक यात्रा करने के दौरान मर्यादाओं का पालन करना बेहद जरूरी है। अभी हाल ही में उत्तरकाशी में पर्यटकों की पिटाई का एक वीडियो वायरल हुआ है और उम्मीद यही की जाती है कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। स्थानीय लोगों को तो धैर्य रखना ही होगा साथ ही पर्यटकों से भी यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि वह संयमित रहकर उत्तराखंड में पर्यटन का लुत्फ उठाएं और सामाजिक व्यवस्थाओं पर किसी भी प्रकार से व्यवधान पैदा ना करें। हालांकि स्थानीय प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि किसी भी प्रकार से हंगामा करना और उपद्रव जैसी हरकतों को प्रोत्साहित करने वालों के खिलाफ ठोस एक्शन प्लान भी तैयार किया गया है। नए साल का आगमन हर्षोल्लास एवं नई आशाओं के साथ किया जाना चाहिए ना की मारपीट एवं हंगामा जैसी स्थिति पैदा कर कड़वे अनुभवों के साथ उन्हें उत्तराखंड से रुखसत होना पड़े।

# विचार विमर्श की प्रक्रिया विपक्ष की वजह से लंबी खींची रही

**एस. सुनील**

संसद का शीतकालीन सत्र एक महीने चला और चार हफ्ते की कार्यवाही के दौरान कोई विधायी कार्य संपूर्ण नहीं हुआ। सरकार ने चार विधेयक जरूर प्रस्तुत किए परंतु एक भी विधेयक दोनों सदनों से स्वीकार होकर कानून बनने के लिए राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया। विपक्षी पार्टियों ने हर किस्म की नकारात्मकता दिखाई। एक अनावश्यक मुद्दे पर संसद को ठप्प किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

देश के नागरिकों ने क्या विपक्ष का चुनाव उसी काम के लिए किया है, जो विपक्षी पार्टियों ने संसद के शीतकालीन सत्र में किया है? यह यक्ष प्रश्न है और इसका जवाब निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के देना चाहिए। संसदीय लोकतंत्र की यह सुंदरता है कि इसमें मतदाता सिर्फ सरकार नहीं चुनते हैं, बल्कि विपक्ष भी चुनते हैं। उन्होंने तीन चुनाव में पहली बार कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल के तौर पर चुना है। इससे पहले दो चुनावों में देश के मतदाताओं ने कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी बनने लायक जनादेश भी नहीं दिया था। परंतु इस बार उसे मुख्य विपक्षी पार्टी का जनादेश मिला तो क्या वह इसलिए मिला कि श्री राहुल गांधी आधिकारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष बनें और अपने 99 सांसदों के दम पर संसद को ठप्प कर दें या संसद के सत्र में अनावश्यक मुद्दे उठाएं और कामकाज बाधित करें या संसदीय परंपराओं को खंडित करें और एक सांसद ने नाते मर्यादा की गिरावट की नई मिसाल बनाएं?

मतदाताओं ने सरकार का बहुमत कम किया और विपक्ष की शक्ति बढ़ाई तो उसका उद्देश्य सरकार को पहले से ज्यादा जवाबदेह बनाने के साथ साथ विपक्ष को भी रचनात्मक भूमिका देने का था। परंतु ऐसा लग रहा है कि विपक्ष ने जनादेश की गलत व्याख्या कर ली। उसको लग रहा है कि जनता ने उसे सरकार को कामकाज नहीं करने देने के लिए पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाया है।

संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्षी पार्टियों ने इसी धारणा के साथ काम किया। पहले दिन से विपक्षी सांसदों ने अनावश्यक मुद्दे उठाए और कामकाज नहीं चलने दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सत्र के पहले दिन, 25 नवंबर को विपक्षी पार्टियों से आह्वान किया था कि संसद के सुचारू संचालन में सहयोग करें। संसदीय कार्यमंत्री श्री किरेन रिजीजू ने कहा था कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। परंतु पहले दिन से ऐसा लगा कि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने संकल्प किया हुआ है कि कार्यवाही नहीं चलने देनी है। उसने पहले दिन से अडानी समूह का मुद्दा उठाया। यह सही है कि अमेरिका की एक अदालत में अडानी समूह से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। परंतु क्या कांग्रेस पार्टी खासतौर से श्री मल्लिकार्जुन खडगे और श्री राहुल गांधी कभी यह सोचते हैं कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले इस तरह के मुद्दे कहां से और क्यों आ जाते हैं?

पूरे वर्ष में संसद के सिर्फ तीन सत्र होते हैं। अधिकतम चार महीने संसद की कार्यवाही चलती है। परंतु हर बार उससे पहले कोई न कोई विदेशी मीडिया या रिसर्च संस्थान या कोई गैर सरकारी संगठन भारत को लेकर कथित खुलासा कर देता है और उसके बाद विपक्षी पार्टियां उसके आधार पर हंगामा करके संसद नहीं चलने देती हैं। विपक्ष को निश्चित रूप से यह सोचना चाहिए कि हर बार सत्र से पहले क्यों हिंडनबर्ग या पेगासस या ओसीसीआरपी या मीडियापार्ट की खबरें आती हैं? और उसके आधार पर संसद नहीं चलने या पक्ष और विपक्ष में टकराव बढने से किसका फायदा होता है और किसको नुकसान होता है?

संसद का शीतकालीन सत्र एक महीने चला और चार हफ्ते की कार्यवाही के दौरान कोई विधायी कार्य संपूर्ण नहीं हुआ। सरकार ने चार विधेयक जरूर प्रस्तुत किए परंतु एक भी विधेयक दोनों सदनों से स्वीकार होकर कानून बनने के लिए राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया। विपक्षी पार्टियों ने हर किस्म की नकारात्मकता दिखाई। एक अनावश्यक मुद्दे पर संसद को ठप्प किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया।

> **देश के नागरिकों ने क्या विपक्ष का चुनाव उसी काम के लिए किया है, जो विपक्षी पार्टियों ने संसद के शीतकालीन सत्र में किया है? यह यक्ष प्रश्न है और इसका जवाब निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के देना चाहिए। संसदीय लोकतंत्र की यह सुंदरता है कि इसमें मतदाता सिर्फ सरकार नहीं चुनते हैं, बल्कि विपक्ष भी चुनते हैं। उन्होंने तीन चुनाव में पहली बार कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल के तौर पर चुना है। इससे पहले दो चुनावों में देश के मतदाताओं ने कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी बनने लायक जनादेश भी नहीं दिया था। परंतु इस बार उसे मुख्य विपक्षी पार्टी का जनादेश मिला तो क्या वह इसलिए मिला कि श्री राहुल गांधी आधिकारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष बनें और अपने 99 सांसदों के दम पर संसद को ठप्प कर दें या संसद के सत्र में अनावश्यक मुद्दे उठाएं और कामकाज बाधित करें या संसदीय परंपराओं को खंडित करें और एक सांसद ने नाते मर्यादा की गिरावट की नई मिसाल बनाएं?**

यह पहली बार हुआ कि विपक्ष ने लगातार दो सत्रों में सभापति के खिलाफ इस तरह से अविश्वास प्रस्ताव का प्रयास किया। हालांकि सत्र के अंतिम दिन उप सभापति श्री हरिवंश ने विपक्ष को नोटिस को नामंजूर कर दिया। लेकिन विपक्ष ने दिखा दिया कि वह टकराव बढ़ाने के लिए किस हद तक जाने को तैयार है। रचनात्मक भूमिका निभाने और संसदीय कार्यवाही में सकारात्मक योगदान देने की बजाय विपक्ष की यह नकारात्मकता उसको खुद को तो नुकसान पहुंचा ही रही है अंततः देश को भी नुकसान पहुंचा रही है।

विपक्ष ने संसद को एक तरह से राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए लड़ाई का मैदान बना दिया है। इसे शीतकालीन सत्र के अंतिम तीन दिन की कार्यवाही से समझा जा सकता है। राज्यसभा में संविधान पर दो दिन की चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार, 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अतिम शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति उमड़े विपक्ष के नए नए प्रेम पर तंज किया और कहा कि, 'अभी एक नया फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकरज् इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता'। इसमें डॉक्टर अंबेडकर के लिए कुछ भी अपमानजनक नहीं है।

यह विपक्ष पर व्यंग्य था क्योंकि कांग्रेस और उसकी ज्यादातर सहयोगी पार्टियों ने कभी भी बाबा साहेब अंबेडकर को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। कांग्रेस ने उनको भारत रत्न नहीं मिलने दिया। उन्हें भारत रत्न तब मिला, जब कांग्रेस दूसरी बार केंद्र की सत्ता से बाहर हुई और भाजपा के समर्थन वाली सरकार बनी। कांग्रेस को जब लगा कि डॉक्टर अंबेडकर की अनदेखी करने और एक परिवार के लिए सब कुछ आरक्षित करने की उसकी नीति सवालों के घेरे में आई हुई है तो उसने उलटे बाबा साहेब के अपमान का मुद्दा बना दिया।

जिन लोगों ने अपने लंबे शासनकाल में कभी भी डॉक्टर अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया और दलितों, पिछड़ों, वंचितों के लिए बाबा साहेब की सोच को शासन में लागू नहीं किया उन लोगों ने उनके अपमान का झूठा मुद्दा बना कर संसद को लड़ाई का अखाड़ा बना दिया। शीतकालीन सत्र में संसदीय राजनीति पर धब्बा लगाने वाली दूसरी घटना भी इसी से जुड़ी है। डॉक्टर अंबेडकर के कथित अपमान के मसले पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसद इतने आक्रमक हो गए कि लडने, भिडने पर आमादा हो गए। विपक्ष के आक्रमक प्रदर्शन की वजह से गुरुवार, 19 दिसंबर को संसद परिसर में धक्कामुक्की हो गई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद घायल हो गए।

बुजुर्ग सांसद श्री प्रताप सारंगी और श्री मुकेश राजपूत को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। भाजपा ने इस मामले में श्री राहुल गांधी के खिलाफ संसद मार्ग थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा इसकी जांच करेगी। इतना ही नहीं नागालैंड की अनुसूचित जनजाति की महिला सांसद सुश्री फांगनोन कोन्याक ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। महिला सांसद का कहना है कि राहुल इतने नजदीक आ गए थे कि वे असहज महसूस कर रही थीं। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसका संज्ञान लिया है और लोकसभा स्पीकर व राज्यसभा के सभापति को इस मामले में तत्काल और उचित कार्रवाई करने को कहा है।

यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसदीय मर्यादा और परंपरा का लगातार क्षरण होता जा रहा है। कांग्रेस पार्टी लगातार तीसरी बार चुनाव हारने के बाद सत्ता के लिए इतनी बेचैन हो गई है कि उसने संसद की गरिमा का ख्याल त्याग दिया है। उसे लग रहा है कि पहले 10 साल उसने जो नकारात्मक भूमिका निभाई उसी से उसके सांसदों की संख्या बढ़ी है और इसलिए उसे और ज्यादा नकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। परंतु ऐसी राजनीति कांग्रेस के लिए और साथ साथ देश, समाज व नागरिकों के लिए भी नुकसानदेह है। इस समय देश के सामने अनेक गंभीर सवाल हैं, जिन पर संसद के अंदर चर्चा होनी चाहिए थी।

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद हिंदुओं पर जिस तरह से अत्याचार हो रहे हैं, उस पर सभी को एकजुट होकर सवाल उठाना चाहिए थी। कनाडा और दुनिया के दूसरे देशों में हो रही भारत विरोधी गतिविधियों पर चर्चा करने और सरकार के हाथ मजबूत करने की आवश्यकता थी।

राजधानी दिल्ली में, जहां विपक्षी सांसद अनावश्यक मुद्दों पर संसद की कार्यवाही स्थगित कर रहे थे वहां वायु प्रदूषण इतना है कि लोगों का दम घुट रहा है। इस पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी। वक्फ बोर्ड का बिल संयुक्त संसदीय समिति के पास है, जिस पर विचार विमर्श की प्रक्रिया विपक्ष की वजह से लंबी खींच रही है।

दुनिया के अलग अलग हिस्सों में तख्तापलट और युद्ध की वजह से अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। उस पर संसद के अंदर व्यापक चर्चा की आवश्यकता थी। परंतु विपक्ष ने सभी आवश्यक मुद्दों को दरकिनार करके अपने राजनीतिक एजेंडे से जुड़े मुद्दे उठाए और उस पर सिर्फ सरकार को झुकाने और संसद के दोनों सदनों में मनमानी करने का प्रयास किया। दुर्भाग्य है कि इसमें सफल नहीं होने पर विपक्ष मारपीट और धक्कामुक्की पर उतर गया। यह भारतीय संसद के इतिहास में विपक्ष की गिरावट की नई मिसाल है।

# नया साल मनाने जा रहे बेटे बेटियों को सावधान करें

**रमेश शर्मा**

केवल भारत ही नहीं पूरी दुनियाँ नया साल मनाने की तैयारी हो रही है । नदियों झील, समन्दर और पहाड़ों के पर्यटन स्थल और महानगरों में बार, होटल रेस्टोरेंट बुक हो चुके हैं । लेकिन एक बात समझ लें। गत वर्ष सौ से अधिक युवा घर लौट ही नहीं सके थे । वे या तो या तो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुये अथवा नशे में हुये झगड़ों का शिकार बने थे। घायलों की संख्या भी सैकड़ों में रहीं। गत वर्ष केवल उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर छै मौतें, पचहत्तर घायल हुये थे । आपसी झगड़ों में पुलिस ने आधीरात को 55 युवा बंदी बनाये थे । वर्ष 2024 के समापन के पल समीप आ गये । भारत में यह वर्ष अनेक उपलब्धियों की सौगात देकर विदा हो रहा है । पूरी दुनियाँ के साथ भारत में भी नववर्ष के स्वागत की तैयारी के समाचार मीडिया में आने लगे। यह तैयारी पर्यटन स्थलों, होटल, बार, रेस्टोरेंट आदि में अधिक है । अंग्रेज क्रिसमस की इन छुट्टियों में मंसूरी नैनीताल आदि पहाड़ों पर जाया करते थे । अंग्रेज भले चले गये छुट्टियों में पहाड़ों पर जाने की परंपरा छोड़ गये । हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पहाड़ों के अधिकांश होटल बुक हो चुके हैं । पिछले वर्ष तो रास्ते में पाँच–पाँच किलोमीटर के जाम लगा था । इसके अतिरिक्त वर्ष हजारों लाखों लोगों द्वारा अपने नगर के होटलों में पार्टी देने की ही नहीं, कमरों की बुकिंग भी हो गई है ।

समय की तेज गति से अब यह प्रश्न पीछे छूट गया कि भारतीय परंपरा में नया साल कब आता है और कैसे मनाया जाता है। भारतीय शासन व्यवस्था और समाज जीवन एक जनवरी को नया साल मनाने की परंपरा में ढल गया है । दैनिक जीवन के कार्य ही नहीं अब तो जन्म पत्रिकाएँ भी अंग्रेजी वर्ष के दिनांक से बनती हैं। कुण्डली दिखाने के लिये भी अंग्रेजी दिनांक ही दी जाती है । यह आधुनिक नया साल प्रातःकालीन सूर्योदय से आरंभ नहीं होता । यह आधी रात से होता है । नये साल का उत्सव भी आधी रात को मनाया जाता है । आधी रात के इस उत्सव की दो विशेषताएँ होतीं हैं। एक यह उत्सव बिना शराब पार्टी के पूरा नहीं होता और दूसरा अधिकांश आयोजनों में स्त्री पुरुष साथ होते हैं । हालाँकि कुछ पार्टियों में परिवार और पारिवारिक मित्रों के साथ होती हैं । लेकिन अनेक पार्टियों में भाग लेने वाले जोड़े, पति पत्नि नहीं, "मित्र" होते हैं। इनमें अधिकांश वे युवा होते हैं जो पढ़ाई या जॉब के लिये घरों से बहुत दूर रहते हैं। पिछले साल नववर्ष की रात जो घटनाएँ घटीं थीं उनमें अधिकांश इसी प्रकार के समूहों के बीच घटीं थीं। जो हत्या, प्राण घातक मारपीट, बलात्कार, बलात्कार का प्रयास और बेहद घटिया छेड़छाड़ से भरीं थीं। वर्ष 2022 और 2023 के बीच एवं वर्ष 2023 और 2024 के बीच मनाये गये नववर्ष उत्सव की मध्य में रात्रि 10 बजे से 2–30 बजे के बीच केवल साढ़े चार घंटे में देश की राजधानी दिल्ली में कुल बत्तीस बड़े अपराध घटे थे । जिसमें उन्नीस बहुत गंभीर थे। इनमें चार मर्डर और बारह बलात्कार एवं बलात्कार का प्रयास थे । यदि इसमें दून, मुम्बई, बंगलूर, हैदराबाद, चैन्नई आदि 17 महानगरों के आँकड़े जोड़ें तो बड़े अपराधों की यह संख्या सौ से अधिक होती है । गत वर्ष केवल उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर झगड़े और दुर्घटनाओं में छै मौतें हुईं थीं। इनमें दून में चार, लालकुआँ भीमताल में एक और हल्द्वानी में एक मौत हुई थी । शराब के नशे में आधीरात को जो झगड़े हुये उनमें कुल 55 लोग बंदी बनाये गये थे। इनमें अकेले दून में तीस लोग बंदी बनाये गये थे । इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ के जशपुर में एक कार पेड़ से टकराई चार मौतें, झारखंड में छै, हापुड़ में दो, जमशेदपुर में छै मौतें हुईं थी । नेशनल सिक्युरिटी काउन्सिल द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार देशभर नववर्ष की रात को कुछ 104 मौतें हुईं थीं। गतवर्ष अर्थात 2023 की 30 एवं 31 दिसम्बर तथा वर्ष 2024 की एक जनवरी के इन तीन दिनों में कुल 308 मौतें हुईं थीं। दो वर्ष पहले दिल्ली में एक बेटी को लगभग चौदह किलोमीटर घसीटा गया था । यह घटना सुल्तानपुरी इलाके में घटी थी । वह 20 अंजलि थी ।उसकी हड्डियां घिस चुकी थीं । शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था । यह घटना मीडिया की सुर्खियाँ में आई थी इसलिए दो साल बाद अब भी सबके ध्यान में है लेकिन बाकी सब घटनाएँ एक दिन से आगे न बढ़ सकीं थीं। गत वर्ष नशे की पार्टियों से अलग कुछ टोलियाँ ऐसी भी थीं जो नया साल मनाने किसी होटल में नहीं धार्मिक स्थलों पर गये थे । नववर्ष पर ऐसी ही एक वैष्णों देवी से लौटते समय घटी । तेज रफ्तार गाड़ी खाई में गिरी और बारह लोग मारे गये । इन दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले कितने ही युवा अपने माता पिता की इकलौती संतान थे । और वे बेटियाँ जो उत्साह से नववर्ष मनाने गईं लेकिन बलात्कार या बलात्कार के प्रयास का शिकार हुईं । उनकी मनोदशा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वे पीड़ित प्रताड़ित युवा और उनके परिवार ये दर्द जीवन भर नहीं भूलेंगे।

अपराध के ये आकड़े पहले नहीं हैं। हर साल ऐसी घटनाएँ घटतीं है । नववर्ष मनाने के पिछले दस वर्षों में ऐसी घटनाओं के आँकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। ये आँकड़े वे हैं जो पुलिस तक पहुंचे। छेड़छाड़ आदि की कितनी घटनाएँ ऐसी होंगी जो पुलिस तक नहीं पहुँच सकीं। इसका कारण यह है कि नववर्ष की पार्टी केलिये उत्साह का अतिरेक और नशा विवेक को शून्य कर देता है ।

# सिनेमाघरों में दोबारा धमाल मचाएगी ये जवानी है दीवानी, निर्माताओं ने पोस्ट साझा कर उठाया तारीख से पर्दा

इस महीने की शुरुआत में करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने ये जवानी है दीवानी के बारे में एक सस्पेंस के साथ शेयर की थी, जिससे प्रशंसक इसके संभावित सीक्वल के बारे में अटकलें लगा रहे थे। हालांकि, री–रिलीज के चलन को देखते हुए रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की यह फिल्म 2025 में फिर से सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।




निर्माताओं ने आज फिल्म का पोस्टर साझा कर इसकी री–रिलीज का एलान किया। साथ ही तारीख से भी पर्दा उठाया। पीवीआर आईनॉक्स बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक ये जवानी है दीवानी को 3 जनवरी, 2025 को 46 शहरों के 140 पीवीआर आईनॉक्स सिनेमाघरों में वापस ला रहा है। यह धर्मा प्रोडक्शंस की कल हो ना हो की सफल री–रिलीज के बाद हो रहा है। इसके अलावा, 2024 में, तुम्बाड, वीर जारा और रहना है तेरे दिल में जैसी कई फिल्में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुईं और फिल्म देखने वाले इन फिल्मों का जादू एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने के लिए सिनेमाघरों में उमड़ पड़े। निर्माता करण जौहर ने ये जवानी है दीवानी की री–रिलीज पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ये जवानी है दीवानी धर्मा प्रोडक्शंस के दिल में एक खास जगह रखती है। फिल्म में बेहतरीन संगीत, शानदार लोकेशन, हमारे कुछ सबसे पसंदीदा कलाकार और एक ऐसी कहानी है, जो सभी पीढ़ियों को प्रभावित करती है। यह नया साल शुरू करने के लिए एकदम सही फिल्म है। यह फिल्म आपको जीवन के बारे में एक गर्मजोशी भरा, सुखद एहसास देती है। हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि जेन जेड इसे बड़े पर्दे पर वयस्कों के रूप में देखने के बारे में कैसा महसूस करता है, जबकि मिलेनियल्स इसमें शामिल होते हैं, साथ गाते हैं और अभिनेताओं से पहले सभी संवाद दोहराते हैं। फिल्म के दोबारा रिलीज होने पर निर्देशक अयान मुखर्जी ने कहा, यह फिल्म मेरे दूसरे बच्चे की तरह है, मेरे दिल और आत्मा का हिस्सा है।

## बॉक्सिंग डे टेस्टः जसप्रीत बुमराह सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज बने

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के चौथे मुकाबले में जसप्रीत बुमराह ने कमाल कर दिया है।उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 200 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज भी बन गए हैं।उन्होंने ट्रेविस हेड को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। भारत के लिए 200 विकेट लेने वाले वह छठे गेंदबाज बने हैं। पूर्व दिग्गज कपिल देव सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज थे। उन्होंने साल 1983 में अपने 50वें टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 200 विकेट लिए थे।बुमराह ने कपिल देव का यह बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वह अब सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 44वें टेस्ट में यह कारनामा किया।पाकिस्तान के यासिर शाह के नाम (33 टेस्ट) सबसे तेज 200 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। बुमराह के अलावा कपिल (434), इशांत शर्मा (311), जहीर खान (311), जवागल श्रीनाथ (236) और मोहम्मद शमी (229) ही ऐसे अन्य भारतीय तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 200 या उससे ज्यादा विकेट अपने नाम किए हैं।

# आईपीएल 2025 में दिखेगा 5 ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का जलवा

नईदिल्ली, आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में तमाम देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. नीलामी के लिए 37 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अपना नाम ड्राफ्ट किया था, जिसमें 12 खिलाड़ियों को खरीददार भी मिले. ऐसे में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अपकमिंग सीजन में अच्छा प्रदर्शन करते दिखेंगे. तो आइए इस आर्टिकल में आपको 5 कंगारू बल्लेबाजों के बारे में बताते हैं, जो आईपीएल 2025 में अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लेंगे. ट्रेविस हेड को एसआरएच ने आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किया है. पिछले सीजन हेड ने अपने प्रदर्शन से खासा प्रभावित किया था. उन्होंने 15 मैचों में 191.55 की स्ट्राइक रेट से 567 रन बनाए, जिसमें



एक शतक और 4 अर्धशतक शामिल था. अब वो आगामी सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक बार फिर धमाल मचाते नजर आएंगे. लखनऊ सुपर जायंट्स ने मिचेल मार्श को 3.4 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया. मार्श एक शानदार ऑलराउंडर हैं. अब अगले सीजन वो रुस्त्र के लिए बल्ले और गेंद दोनों से कमाल करते नजर आएंगे. मिचेल मार्श ने अब तक 42 आईपीएल मैचों में 37 विकेट लिए हैं. और 127 की स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं. आईपीएल 2025 ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने मार्कस स्टोयनिस को 11 करोड़ रुपये में खरीदा है. पिछले सीजन लखनऊ सुपर जाइटंस के लिए खेलते हुए स्टोयनिस ने कमाल का प्रदर्शन किया है. अब आईपीएल 2025 में वो पंजाब किंग्स के लिए धमाल मचाते नजर आएंगे. आरसीबी ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में टिम डेविड को 3 करोड़ रुपये में खरीदा. डेविड पिछले 2 सीजन से मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे.

# आइटम सॉन्ग के साथ पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली

बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है।निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है।निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। निक्की के करियर पर एक नजर डाले तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। 2019 में उन्होंने तेलुगू हॉरर कॉमेडी फिल्म चिकाती गडिलो चिथाकोटुडु से अपने अभिनय की शुरुआत की। बाद में उन्होंने एक्शन हॉरर फिल्म कंचना 3 में दिव्या के रूप में तमिल में अपनी शुरुआत की। कंचना 3. उनकी तीसरी फिल्म तेलुगु में थिप्पारा मीसम थी। 2020 में, उन्होंने हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट–आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। ह 10वें स्थान पर रहीं। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था।

## अक्षय कुमार की भूत बंगला से जुड़ीं तब्बू, यह सितारे भी स्टार कास्ट में हुए शामिल

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके निर्देशन की कमान प्रियदर्शन ने संभाली है। एकता कपूर इस फिल्म का निर्माण कर रही हैं।अब खबर आ रही है कि दिग्गज अभिनेत्री तब्बू फिल्म भूत बंगला की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं।अक्षय और प्रियदर्शन के साथ यह तब्बू का दूसरा सहयोग है। इससे पहले तीनों हेरा फेरी (2000) में साथ काम कर चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू को भूत बंगला में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। निर्माताओं ने हाल ही में अभिनेत्री से संपर्क किया और उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है।

# बॉक्सिंग—डे टेस्टः ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 333 रन से आगे

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच मेलबर्न में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 का चौथा टेस्ट खेला जा रहा है। चौथा दिन खत्म होने तक कंगारू टीम ने 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं।दूसरी पारी के आधार पर वह 333 रन आगे हैं। नाथन लियोन (41*) और स्कॉट बोलैंड (10*) नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 110 गेंदों में 55* रन जोड़ दिए हैं।भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए हैं।



ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में शुरुआती झटके लगे। एक समय 91 रन तक टीम के 6 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे।यहां से मार्नस लाबुशेन (70) ने कप्तान पैट कमिंस (41) के साथ मिलकर पारी संभाली। दोनों के बीच 116 गेंदों में 57 रन की साझेदारी हुई।लाबुशेन को छोड़कर और कोई भी बल्लेबाज मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट अपने नाम किए। आखिरी विकेट को लेने में भारतीय गेंदबाजों के पसीने छूट गए।

लाबुशेन नंबर–3 पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने 139 गेंदों का सामना किया और 70 रन बनाए। उनके बल्ले से 3 चौके निकले। यह उनके टेस्ट करियर का यह 23वां अर्धशतक रहा।भारत के खिलाफ इस खिलाड़ी ने छठा अर्धशतक लगाया है।पहली पारी में भी लाबुशेन ने अच्छी पारी खेली थी और 145 गेंदों का सामना करते हुए 72 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 7 चौके निकले थे।

पूर्व दिग्गज कपिल देव सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज थे। उन्होंने साल 1983 में अपने 50वें टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 200 विकेट लिए थे।बुमराह ने कपिल देव का यह बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वह अब सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने 44वें टेस्ट में यह कारनामा किया है।

## एक नजर

### जल संरक्षण और संवर्धन के लिए दो संस्थाएं सम्मानित

नई टिहरी। जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में जन जागरूकता और बेहतर कार्य के लिए जिले की दो स्वयंसेवी संस्थाओं हितायु लोक कल्याण समिति नागणी, लोक कल्याण सेवा समिति रानीचौरी को उत्तरांचल उत्थान परिषद की ओर से सम्मानित किया गया। यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत, आरएसएस के प्रांत कार्यवाह दिनेश सेमवाल, जल पुरुष के नाम से प्रसिद्ध सच्चिदानंद भारती और उत्तरांचल उत्थान परिषद के प्रेम बुडाकेटी ने हितायु संस्था के सचिव डॉ. दिवाकर पैन्यूली और लोक कल्याण समिति के सचिव सुशील कुमार बहुगुणा को प्रशस्ति पत्र, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। बताया गया कि दोनों संस्थाओ ने जन मानस को जल संरक्षण के प्रति समय–समय पर जागरूक करने के साथ ही विलुप्त होते ग्रामीण जलस्त्रोत का संरक्षण, पानी बचाओ अभियान से ग्रामीणों को जोड़ने का कार्य किया है। सम्मान मिलने पर डॉ. पैन्यूली और बहुगुणा ने आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन के लिए सरकार और सहयोगी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का आगे भी प्रयास रहेगा।

### टिहरी में मेडिकल कालेज के लिए भूमि सम्बंधी आपत्तियां दूर

नई टिहरी। नई टिहरी के इणिया में रविवार को मेडिकल कालेज स्थापना को लेकर भूमि क्लीरियेंस सम्बंधी रिपोर्ट डीएम मयूर दीक्षित ने चिकित्सा शिक्षा निदेशक को भेज दी है। इसमें मेडिकल कालेज के लिए पर्याप्त 13.395 हेक्टेअर भूमि सभी अनापत्तियों व सहमति के बाद उपलब्ध होने की बात कही गई है। इणिया में मेडिकल कालेज के लिए पर्याप्त भूमि क्लीयर होने के बाद मामले में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा निदेशक को डीएम ने जानकारी दे दी है। प्रयास है कि इणिया में नव वर्ष के पूर्वार्द्ध में 400 बेड का अस्पताल और मेडिकल कालेज का निर्माण शुरू हो जाए। डीएम ने चिकित्सा शिक्षा निदेशक को लिखे पत्र में बताया कि सभी जांचों के बाद ग्राम इणिया पट्टी सारज्यूला में राजकीय मेडिकल कालेज निर्माण के लिए प्रस्तावित कुल 13.395 हेक्टेअर भूमि में से 8.586 हेक्टेअर भूमि टीएचडीसी के नाम व 4.809 हेक्टेअर भूमि उत्तराखंड सरकार के नाम उपलब्ध है।

### एसजीआरआर के वार्षिकोत्सव में बिखरे सांस्कृतिक रंग

उत्तरकाशी। श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल पुरोला ने रविवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। नन्हें–मुन्ने छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति और विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और नशा मुक्ति जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़–नाटक प्रस्तुत किए। गढ़वाली, रवांई, जौनपुरी, पंजाबी, राजस्थानी और हरियाणवी गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम सिंह चौहान ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहित्यकार महावीर रवांल्टा और चिकित्साधिकारी डॉ. कपिल तोमर का स्वागत किया। इस दौरान क्रीड़ा और शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक–शिक्षक संघ अध्यक्ष आचार्य लोकेश बडोनी, देवी प्रसाद बिजल्वाण, स्वाति कैंतुरा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हिमपात से ढके मोरी ब्लॉक के 42 गांव

उत्तरकाशी। साल की तीसरी बर्फबारी से मोरी विकासखण्ड के 42 गांव हिमपात से ढक गये हैं। शनिवार को मोरी विकासखण्ड के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के फिताड़ी, लिवाड़ी, कासला, राला, रेकचा, जखोल, पाव, धारा, सुनकुंडी, साऊणी, सटुड़ी, सिरगा, ओसला, गंगाड़, पवाणी, ढाटमीर, सिंदरी, सांकरी, मसरी, दौणी, खन्यासणी, बरी, सेवा, ग्वाल गांव, भितरी सहित हिमाचल प्रदेश से सटे बंगाण क्षेत्र के माकुड़ी, झोटाड़ी, बरनाली, क्लिच आदि गांवों में बर्फबारी होने से ढक गये हैं। वहीं मोरी विकास खण्ड के विश्वविख्यात पर्यटन स्थल हरकीदून, केदारकांठा, भराड़ सर, जल सरोवर, देवक्यार आदि पर्यटक स्थलों में भी जमकर बर्फबारी हुई है। केदार कांठा ट्रैक पर बर्फबारी होने से पर्यटकों की संख्या में खासी बढ़ोतरी होने लगी है।

# कोटद्वार निकाय चुनावः भाजपा ने शैलेंद्र सिंह रावत को बनाया प्रत्याशी

### फरवरी माह में कांग्रेस छोड़कर पुनः भाजपा में शामिल हुए थे शैलेंद्र



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः निगर निगम चुनाव में प्रत्याशी की स्थिति को साफ करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत पर अपना भरोसा जताया है। शैलेंद्र सिंह रावत इसी वर्ष फरवरी माह में कांग्रेस छोड़कर पुनः भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। वह दो बार यमकेश्वर विधायनसभा से विधायक का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

भाजपा ने प्रत्याशी को लेकर बरकरार सस्पेंश से शनिवार दोपहर पर्दा उठा दिया। हालांकि, कांग्रेस ने शाम तक भी अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की। भारतीय जनाता पार्टी ने वर्ष 2007 में भाजपा के टिकट पर कोटद्वार विधानसभा सीट से विधायक बने शैलेंद्र सिंह रावत पर भरोसा जताया है। हालांकि वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव से पूर्व शैलेंद्र सिंह रावत ने भाजपा छोड़ दी थी। वह टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे थे। इसके बाद कांग्रेस ने उन्हें यमकेश्वर विधानसभा से अपना प्रत्याशी बनाया था। हालांकि उन्हें लगातार दो बार विधासभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। फरवरी 2024 में उन्होंने घर वापसी की और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नेतृत्व में पुनः भाजपा में शामिल हो गए। शैलेंद्र रावत के भाजपा में शामिल होने के साथ ही यह अटकलें शुरू हो गई थी कि भाजपा कोटद्वार नगर निगम में शैलेंद्र रावत को महापौर प्रत्याशी बनाएगी। शैलेंद्र रावत वर्ष 2007 में दुगड्डा प्रखंड में क्षेत्र पंचायत प्रमुख भी रहे।

### अंजना वर्मा ने किया नामांकन

नगर पंचायत सतपुली के चुनाव को लेकर रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी प्रत्याशी अंजना वर्मा ने अपने समर्थकों के साथ तहसील पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान अंजना वर्मा और बीजेपी के जयकारों से समर्थकों में जोश दिखाई दिया। बीजेपी वार्ड सदस्यों ने भी अपना नामांकन करवाया। वार्ड सदस्यता के तहत वार्ड एक से भारत सिंह, वार्ड दो से रेनू घिल्डियाल, वार्ड तीन से सुनीता देवी और वार्ड चार से कांति देवी ने अपना नामांकन करवाया।

# स्काउट एवं गाइड के महत्व के बारे में बताया

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वारः ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का समापन हो गया है। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्काउट एवं गाइड के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिवालिक नगर स्थित विद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। स्काउट एवं गाइड गढ़वाल मंडल रुड़की के प्रशिक्षक वैभव गौड़ ने स्काउट एवं गाइड के बारे में बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रवेशिका, कोमल पद और ध्रुव पद में विभाजित करते हुए विभिन्न प्रकार के टेंट बनाना, सीटियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार के संकेत देना, रस्सीयों को बांधना आदि गतिविधियों के बारे में बताया। शिविर के अंतिम दिन छात्र–छात्राओं ने पहाड़ी व्यंजन भी बनाए। विद्यालय के प्रबंधक अजयपाल सिंह रावत ने बताया कि शिविर में प्रशिक्षक की ओर से जो भी गतिविधियां सिखाई गई, उनका निरंतर अभ्यास करते रहना है। प्रत्येक गतिविधि की हमारे जीवन में कभी ना कभी आवश्यकता पड़ेगी।



कोटद्वार के ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में भाग लेते विद्यार्थी

# लालाढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग डामरीकरण की मांग उठाई

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः श्री गुरू गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग उठाई है। कहा कि पूर्व में शिकायत के बाद भी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही।

समिति के अध्यक्ष आरपी पंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने लालढांग–चिलरखाल का डामरीकरण न किए जाने पर रोष व्यक्त किया।

कहा कि जब हरिद्वार वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र रसियाबड़ तिराहे से दासौंवाली व पीली गांव तक मार्ग पर डामरीकरण हो सकता है तो लालढांग-चिलरखाल वन मोटर मार्ग को डामरीकरण क्यों नहीं किया जा सकता है। कहा कि इस मामले राजनीतिक दल अपनी रोटियां सेंक रहे हैं। जनहित में उक्त मोटर मार्ग का शीघ्र ही डामरीकरण किया जाना चाहिए।

वक्ताओं ने समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों पर भी चर्चा की, जिसमें आठ जनवरी को ग्रास्टनगंज मैदान में पिछली वर्षाकाल में लगे पौधौं की देखरेख व निराई गुड़ाई करने का निर्णय लिया गया।

बताया कि लघु पौधशाला के लिए पौधों के बीज देहरादून से मंगाए जाएंगे। बीज लाने की जिम्मेदारी प्रमोद डोबरियाल को दी गई। इस मौके पर सतीश चंद्र शर्मा, सुनील नेगी, एसएन पोखरियाल, उमानंद बडोला, मोहन सिंह नेगी, प्रकाश हेमदान, दिनेश घिल्डियाल, धीरज नेगी मौजूद रहे।

### भाजपा ने जारी की पार्षदों प्रत्याशियों की सूची

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः भाजपा ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संस्तुति व जिला चुनाव समिति से चर्चा के पौड़ी नगर पालिका परिषद के 11 वार्डों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

इस संबंध में पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कमल किशो रावत ने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। पौड़ी के जिन वार्डों में पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी बनाया गया है उसमें पालिका के वार्ड नंबर एक से मयंक रावत, वार्ड नंबर दो से हेमन्ती गुसांई, वार्ड नंबर तीन से सुमन देवी, वार्ड नंबर चार से क्रांति किशोर, वार्ड नंबर पांच से सुरजीत सिंह तोमर, वार्ड नंबर छह से ज्योति नेगी, वार्ड नंबर सात से संगीता रावत, वार्ड नंबर आठ से गोपाल नेगी, वार्ड नंबर नौ से संगीता डोभाल, वार्ड दस से सरिता थपलियाल तथा वार्ड नंबर ग्यारह से गौरव कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है।

# शिक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर की चर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार,** जहरीखाल के सकुल केंद्र बरस्वार में तीन दिवसीय सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समितियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। कार्यशाला में प्रभारी संकुल समन्वयक चंद्रमोहन सिंह रावत व डा.ईश्वर शरण अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पांच विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सचिव, एसएमसी के कुल 29 सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नरेंद्र मोहन बमराड़ा ने सदस्यों को बाल अधिकारी एवं संरक्षण, विद्यालय में स्वच्छता, शिक्षा का अधिकारी अधिनियम, समग्र शिक्षा का उद्देश्य, आपदा प्रबंधन एवं विद्यालय सुरक्षा, बालिका शिक्षा की महत्ता के बारे में बताया। कार्यशाला में समितियों को साइबर अपराध से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। साथ ही जानकारी अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाने की भी अपील की गई। समितियों को बाघ व गुलदार से बचाव के तरीके भी बताए गए। कहा कि जंगली जावरों से बचाव के लिए सावधानी आवश्यक है। अपने घर के आसपास झाड़ी न उगने दें। इस मौके पर प्रधानाचार्य धीरेंद्र बिष्ट, आशीष मधवाल, विजय कुमार चंदोला, उर्मिला गुसाईं, सीमा थपलियाल, अनूप जदली, सोहन सिंह, आशा देवी, आरती शाह, श्वेता देवी आदि मौजूद रहे।



विकास खंड जयहरीखाल के अंतर्गत संकुल केंद्र बरस्वार में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते समिति के सदस्य

# स्वच्छता अभियान चलाकर दिया संदेश



स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्वच्छ व स्वस्थ भारत का संदेश दिया। इस दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करने की सीख दी गई।

शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवी छात्रों ने पदमपुर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी के नेतृत्व में स्वयंसेवी छात्रों ने योग व ध्यान से शुरू किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवी पदमपुर क्षेत्र में पहुंचे, जहां पर छात्रों ने रास्तों व नालियों की सफाई की। क्षेत्र में बिखरे कूड़े को एकत्रित कर उसे नष्ट कर दिया। इस मौके पर सतेंद्र सिंह नेगी, डबल सिंह, कुलदीप चौधरी, बृजेंद्र सिंह, सुभाष कंडवाल मौजूद रहे।

### दिव्यांगों की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** कल्पतरू सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में संस्था की तरफ से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा की गई। संस्था की अध्यक्ष कल्पना मझेड़ा ने कहा कि संस्था की तरफ से आदिशंकर दिव्यांग विद्यालय झंडीचौड़ को एक लेजर प्रिंटर भेंट किया गया। कहा कि संस्था लगातार सामाजिक कार्यों को बखूबी निर्वहन कर रही है। कहा कि कुछ दिन पहले संस्था की तरफ से श्यामा गौशाला में पंखे भेंट किए गए। निर्णय लिया गया कि गरीब कन्याओं के विवाह करवाने में भी संस्था पूर्ण रूप से सहयोग करेगी। गरीब कन्याओं के विवाह में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस मौके पर कंचन सुंडली, दीपा नेगी, रामेश्वरी ममता भारती, विमला काला, विनोद, देवेश, राकेश, सुषमा, तृप्ति, सुशीला मौजूद रहे।

# परसुंडाखाल में मकरैंण मेला 12 जनवरी से

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः 12 जनवरी से परसुंडाखाल में मकरैंण मेले की धूम रहेगी। मकरैंण मेला समिति पैडलस्यूं द्वारा मकरैंण मेले के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। रविवार को समिति की बैठक में मेले को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। रविवार को आयोजित समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी 12 से 14 जनवरी तक परसुंडाखाल इंटर कालेज के खेल मैदान में तीन दिवसीय मकरैंण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 12 जनवरी को मैराथन, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिलाओं की रस्सा–कस्सी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 13 जनवरी को महिला मंगल दलों की थडया, चौफला के साथ ही पैडलस्यूं गिताड़ प्रतियोगिता व संस्कृति विभाग की टीम द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 14 जनवरी को लोकगायिका हेमा कराशी व जागर गायक मनोज मंद्रवाल द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसी दिन पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कुलदीप रावत, सचिव प्रशांत रावत, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, संजय कठैत, मिथिलेश रावत, श्रवण पंवार, पवन पटवाल, अमित तोपाल, नरेश रावत, महावीर सिंह नेगी, महिताब सिंह आदि शामिल रहे।

### वनाग्नि रोकथाम के प्रति किया जागरूक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः प्रखंड जयहरीखाल के अंतर्गत कांडई, कोटा तल्ला, कोटा मल्ला, बंदूण सहित विभिन्न गांवों में वनाग्नि की रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

हंस वनाग्नि शमन एवं रोकथाम परियोजना के तहत प्रयास कला संगम समिति के कलाकार कांडई, कोटा तल्ला, कोटा मल्ला, बंदूण, खैरा मलेथी, देवडाली गांवों में पहुंचे। जहां पर उन्होंने नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति देकर ग्रामीणों को आग से वनों को बचाव के गुर सिखाए। जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीण फायर फाइटर समिति के सदस्य, प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। वन विभाग के कर्मचारियों ने वनों को आग से बचाने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही वनों में लगने वाली आग की घटना से बचा जा सकता है। कहा कि वनों को आग से बचाना जरूरी है। वनों में लगने वाली आग की घटना से कई जीव जंतुओं की अकाल मौत हो जाती है। कई हरे भरे पेड़ पौधे झुलस जाते है।

# थर्टी फस्ट और नए साल की तैयारियों के लिए रुद्रप्रयाग पुलिस तैयार

रुद्रप्रयाग, नए साल के आगमन को लेकर पुलिस विभाग द्वारा तैयारियां पूरी कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कौंडे ने जनपद के सभी थाना–चौकियों में पुलिस अफसर एवं जवानों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाते हुए नए साल का मनाने के लिए निर्देशित किया है। आगामी थर्टी फस्ट एवं नव वर्ष के आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक ने जनपद में पर्यटकों के आगमन पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा–निर्देश दिए हैं। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है, कि किसी तरह से कानून एवं शांति व्यवस्था खराब न हो। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग मनोज नेगी व एसएसआई राजीव चौहान के नेतृत्व में कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र में पड़ने वाले होटल, ढाबा, धर्मशाला, लॉज आदि की चेकिंग की गई। जबकि संबंधित होटल स्वामियों से वार्ता कर नववर्ष को शांतिपूर्वक ढंग से मनाये जाने की अपील की गई। शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आम जनता में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से होटल, ढाबा,धर्मशाला, लॉज आदि की चेकिंग जारी है। पुलिस ने आम जनमानस के साथ ही जनपद में आ रहे पर्यटकों से भी अनुरोध किया है कि वे पुलिस द्वारा जारी किए दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें।

### जामणाखाल में मेला दस जनवरी से

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः खिर्सू ब्लाक के जामणाखाल स्थित मां भवानी देवी मंदिर में दस जनवरी को धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रवण थपलियाल ने बताया कि मंदिर में एक दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर अभी से तैयारी शुरु कर दी गई है।

बताया कि मेले में स्थानीय ही नहीं बल्कि दूर दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुगण मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। इस लिहाज से भी मंदिर समिति की ओर से तैयारियां की जा रही है। उन्होंने मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग का आग्रह किया है।

# स्यालनी व जौरासी के विद्यार्थियों को बांटे बैग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** विकास खण्ड दुगड्डा के अंतर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्यालनी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय जौरासी के सभी छात्र-छात्राओं को शहीद लैफ्टिंनेन्ट कमाण्डर अनन्त कुकरेती स्मृति न्यास द्वारा स्कूल बैग वितरित किए गए। इस संबध में शनिवार को राप्रावि जौरासी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मोहन सिंह पटवाल ने कहा कि विकास खण्ड दुगड्डा के राजस्व ग्राम जौरासी तल्ली मूल निवासी जगदीश प्रसाद कुकरेती के सुपुत्र शहीद लैफ्टिंनेन्ट कमाण्डर अनन्त कुकरेती बचपन से ही बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उनकी स्मृति में उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा न्यास की स्थापना की गई। न्यास अध्यक्ष मधु कुकरेती ने कहा कि न्यास के माध्यम से वे गरीब और जरूरतमंद छात्रों की मदद करने का प्रयास करते हैं, न्यास का उद्देश्य है कि गरीबी किसी भी छात्र की पढ़ाई में बाधा न बने। यह कार्य भविष्य में भी जारी रहेगा। तत्पश्चात न्यास के सदस्यों की ओर से दोनों विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक वेद प्रकाश खर्कवाल, ललिता रावत, संजीव कुकरेती, ऊषा मेहरा आदि शिक्षकों और राकेश कुकरेती व चंडी प्रसाद कुकरेती सहित सभी छात्र–छात्रा मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को बैग लेते सदस्य

# एसएमसी के सदस्यों को समग्र शिक्षा की जानकारी दी

नई टिहरी। राजकीय इंटर कॉलेज पांगरखाल में विद्यालय प्रबंधन समितियों के चक्रवार चतुर्थ क्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय डोबरा, ज्ञानसू, पाटा, नवागर एवं सगवाण गांव विद्यालय के एसएमसी सदस्य शामिल हैं। चंबा ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज पांगरखाल में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का नोडल अधिकारी और विद्यालय के प्रधानाचार्य विशेष कुमार चौरसिया ने समापन किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्रत्येक एसएमसी के छह सदस्यों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों के एसएमसी सदस्यों को पहले दिन समग्र शिक्षा परिचय उद्देश्य, एसएमसी के गठन का अधिकारी एवं उत्तरदायित्व, शिक्षा का अधिकारी अधिनयम, बाल अधिकार, प्रधानमंत्री पोषण, स्वच्छता एवं बाल स्वास्थ्य, विद्यालय का वित्तीय प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, साइबर क्राइम की जानकारी दी। इस मौके पर राकेश बडोनी, वंदना नेगी, शैलेश राणा, प्रकाश मोहन, ज्ञानानंद चमोली आदि मौजूद थे।



# नानकमत्ता में भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी प्रेम सिंह टुरना ने किया नामांकन

रुद्रपुर। नगर पंचायत नानकमत्ता में भाजपा प्रत्याशी प्रेम सिंह टुरना ने रविवार को आरओ कार्यालय पहुंचकर नामांकन कराया। प्रेम सिंह टुरना इससे पूर्व भी नगर पंचायत नानकमत्ता के चेयरमैन थे। उनके साथ पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता छगन लाल अग्रवाल, जगदीश जोशी, उमेश अग्रवाल मौजूद रहे। बाद में पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रेम सिंह टुरना ने कहा कि पांच वर्षों के विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। नगर पंचायत में भी भाजपा की जीत से सुनियोजित विकास कार्यों को गति मिलेगी। रविवार को निर्दलीय प्रत्याशी मनोज कुमार ने भी नामांकन कराया। मनोज कुमार को शुक्रवार को कांग्रेस ने प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन रविवार को प्रत्याशी बदल दिया।



## एक नजर

### गणेश जोशी ने सालावाला वार्ड में सुनी मन की बात

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को वार्ड 08 सालावाला में बूथ संख्या 80 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 117 वां और इस साल के 9 वें और आखिरी संस्करण को पार्टी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में संविधान को विरासत से जोड़ने के लिए बनी वेबसाइट, महाकुंभ की विशेषताएं, फिल्म जगत की कई महान हस्तियां राज कपूर और मोहम्मबद रफी को याद किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों को अनेक प्रकार की जानकारी मिलती है और लोगों को नए कार्य करने, समाज के लिए अनेक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सुनने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, बूथ अध्यक्ष मोहिनी वर्मा, सुबोध सिंह बिष्ट, आरएस परिहार, भूपेन्द्र सिंह कठैत, एएल अमोली, युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष विनय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### कोकीन के सात दो विदेशी तस्कर गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने राजपुर क्षेत्र से दो विदेशियों को 33 ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद कोकीन की अनुमानित कीमत 33 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी मसूरी में थर्टी फर्स्ट की पार्टी में इसकी सप्लाई करने की फिराक में थे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत पुलिस की ओर से इन दिनों व्यापक स्तर पर अभियान चल रहा है। इस क्रम में रविवार को राजपुर पुलिस होटल, रेस्टोरेंट, बार, वाहन और संदिग्धों की चैकिंग कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली की कोबरा गैंग के दो विदेशी तस्कर एक पार्टी के लिए कोकीन की सप्लाई कर रहे हैं। पुलिस ने छानबीन करते हुए ओल्ड मसूरी रोड पर कुठालगेट बैरियर के समीप दोनों विदेशियों को रोक लिया।

### निगम कर्मचारियों के मकान किराए भत्ते में वृद्धि की मांग

पिथौरागढ़। उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन ने सरकार से नगर निगम में कार्यरत सभी कर्मचारी और अधिकारियों के मकान किराए भत्ते में तत्काल बढ़ोत्तरी करने की मांग उठाई है। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष बिजेंद्र लुंठी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि पिथौरागढ़ नगर निगम बनने के इतने समय बाद भी अभी तक यहां कार्यरत कर्मचारी और अधिकारियों के आवास भत्ते में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। जबकि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर नगर निगम के अंतर्गत सभी अधिकारी और कर्मचारियों का हाउस रेंट बढ़ाए जाने का प्रावधान है। कहा कि बकायदा शासन स्तर से इस संबंध में पूर्व में शासनादेश भी निर्गत हो चुका है कि नगर निगम में कार्यरत सभी कार्मिकों के मकान किराए भत्ते में दोगुनी वृद्धि की जाएगी। लुंठी ने कहा कि सरकार ने जनप्रतिनिधियों के लिए पिथौरागढ़ नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा तो दे दिया है, लेकिन सरकार के लिए काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों को शासनादेश के तहत अभी कोई भी सुविधा मुहैय्या नहीं की है।

### चौकोड़ी पर्यटकों की चहलकदमी से गुलजार

पिथौरागढ़। नववर्ष 2025 का लेकर पर्यटन नगरी चौकोड़ी इन दिनों पर्यटकों की चहलकदमी से गुलजार है। सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। इससे व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं। रविवार को बंगाल से पहुंचे पर्यटकों ने पहाड़ों की सुंदरता का आनंद उठाते नजर आए। इंद्रजीत घोष,छाया दत्त, अल्पना घोष ने बताया कि प्राकृतिक सुंदरता तो पहाड़ों में ही देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि चौकोडी में हरे–भरे जंगल के बीच हिमालय के दर्शन करने का आनंद अद्भूत है। कहा कि यहाँ का प्राकृतिक दृश्य वास्तव में देखने योग्य है।

### छप छपि काव्य संग्रह का हुआ विमोचन

ऋषिकेश। उत्तराखंड एवं पहाड़ी प्रवासी नवोदित साहित्यकारों की रचनाओं के संकलन छप छपि काव्य संग्रह का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में गढ़वाल और कुमाऊं मंडल सहित दूर दराज से आये हुए प्रवासी साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं सुनाईं। बुरांश गढ़ देश साहित्य संस्था के बैनर तले श्यामपुर तुलसी विहार स्थित आडवाणी धर्मशाला में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसका उद्घाटन न्यायविद राजेश व्यास, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं,आचार्य गुरु मणि नौटियाल, डॉ. भगत सिंह राणा हिमाद, संजीव चौहान ने संयुक्त रूप से किया।

# 2674 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



ऋषिकेश। लक्ष्मणझूला मार्ग स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब परिसर में श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर रविवार को 15वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 2674 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर 73 लोगों ने रक्तदान भी किया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल ने किया। उन्होंने रक्तदान कर शिविर में सेवाएं प्रदान करने आए चिकित्सकों को प्रोत्साहित किया। गुरुद्वारा ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा ने कहा कि शिविर में हृदय रोग, आंख, ईएनटी, मस्तिष्क, पेट, हड्डी, दंत, स्त्री रोग, बाल रोग, नाड़ी एवं त्वचा से संबंधित रोगों के विशेषज्ञों ने अपनी चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की गई। ट्रस्ट द्वारा दवाइयां भी निःशुल्क प्रदान की गई। चिकित्सों द्वारा बताए गए टेस्ट जैसे कि ईसीजी, एक्स–रे, अल्ट्रासाउण्ड एवं सीटी स्कैन, ब्रेस्ट स्क्रीनिंग, सर्वाइकल कैंसर और काल्पोस्कोपी आदि टेस्ट भी निःशुल्क कराए गए। शिविर के लिए 2674 से अधिक जरूरतमंदों के पंजीकरण गुरुद्वारा ट्रस्ट द्वारा किए गए। रक्तदान के इच्छुक व्यक्तियों ने भी रक्तदान करके पुण्य प्राप्त किया। रक्तदान शिविर में लगभग 73 यूनिट रक्तदान हुआ।


**इन चिकित्सकों ने दी सेवाएं**

डॉ. केजेएस संभरवाल, डॉ. एनबी श्रीवास्तव, डॉ. बीएस जज, डॉ. अजीत गैरोला, डॉ. निपुन शारदा, डॉ. लोकेश सलूजा, डॉ. सिद्धांत खन्ना, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. नरेन्द्र सिंह जगपांगी, डॉ. रूपाली त्यागी, डॉ. सुनिता, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. कनिका शर्मा, डॉ. अश्वनी कंडारी, डॉ. मुकेश ढ़ांडा, डॉ. सचिन रस्तोगी, डॉ. गिग्गल रस्तोगी, डॉ. पारूल गर्ग, डॉ. पायस पांडे, डॉ. हरीश कोहली, डॉ. हर्श जौहरी, डॉ. तरणजीत सिंह, डॉ. महेश कुड़ियाल, डॉ. एपीएस औलख, डॉ. अर्चना जौहरी, डॉ. सुमिता प्रभाकर, डॉ. पूजा, डॉ. अभिलाशा शारदा, डॉ. कंवलदीप सिंह, डॉ. अपूर्व जैन, डॉ. उत्कर्श शर्मा, डॉ. अविनाश जुत्शी, डॉ. परविन्दर सिंह, डॉ. एसएस खाम्बे, डॉ. विनय जुत्शी, डॉ. तान्या शारदा, डॉ. अमनदीप सिंह, डॉ. जेपीएस राणा, डॉ. आरती शर्मा, डॉ. सिरोही, डॉ. पुनित त्यागी आदि डॉक्टरों ने जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की जांच की। इनके अलावा एम्स ऋषिकेश, निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट, गंगा प्रेम हॉस्पिटल एवं श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के एनसीसी. कैडेट्स ने भी अपना विशेष योगदान दिया।

**यह रहे उपस्थित**

शिविर में बचन पोखरियाल, हर्षवर्धन शर्मा, राजेन्द्र सेठी, विनोद शर्मा, मदनमोहन शर्मा, बूटा सिंह, मंगा सिंह, उम्रा रावत, महंत बलबीर सिंह, विक्की सेठी, मेजर गोबिंद सिंह रावत, विमला रावत आदि उपस्थित रहे।

# वीकेंड पर बर्फबारी का आनंद लेने चकराता पहुंचे पर्यटक



विकासनगर। चकराता क्षेत्र के लोखंडी और ऊंचे पहाड़ों पर बर्फ पड़ने के बाद रविवार को बड़ी संख्या में पर्यटक बर्फ का दीदार करने के लिए चकराता पहुंचे। रविवार की छुट्टी के चलते काफी पर्यटक चकराता पहुंचे। कारोबार में तेजी से रेस्टोरेंट और होटल व्यवसायियों के चेहरे खिल गए हैं। पर्यटकों के वाहनों के दबाव से लोखंडी रोड पर पूरा दिन जाम लगता रहा। शनिवार को चकराता के लोखंडी में बर्फ पड़ने की सूचना के बाद सैकड़ों की संख्या में पर्यटक चकराता पहुंचे। बड़ी संख्या में पर्यटक बिना बुकिंग कराए ही पहुंच गए। लेकिन दोपहर तक ही क्षेत्र के अधिकांश होटल, रिजॉर्ट और होम स्टे पैक हो जाने से देर रात तक पर्यटक कमरों की तलाश में घूमते नजर आए। रात को कमरे नहीं मिलने पर कई लोग वापस लौटे और कई पर्यटकों को कड़ाके की सर्दी के बीच अपने वाहनों में सोना पड़ा। कई होटल मालिकों ने पर्यटकों की अपने स्टाफ रूम तक में ठहरने की व्यवस्था की। छोटे बच्चों के साथ पहुंचे कई पर्यटकों को लोखंडी, चकराता, कोटी, पुरोड़ी आदि क्षेत्रों में लोगों ने अपने घरों में ठहराया।

टूरिस्ट डेवलपमेंट एवं होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम पंवार ने बताया कि देर शाम तक क्षेत्र के सभी होटल पैक हो गए थे। कहा कि कनासर में वन विभाग ने टेंट लगाए हुए हैं और कॉटेज बनाये हुए हैं। इतनी भीड़ होने के बाद भी उन्होंने कॉटेज और टेंट पर्यटकों को उपलब्ध नहीं कराये और लोगों को सड़कों पर ठंड में अपने वाहनों में सोना पड़ा। कई पर्यटक देर रात मजबूरी में रिस्क उठा अपने वाहन वापस लेकर विकासनगर और देहरादून गए। रविवार को चकराता का अधिकतम तापमान 10 डिग्री और न्यूनतम तापमान माइनस एक डिग्री सेल्सियस रहा।

# औली में होंगी स्कीइंग की विश्व स्तरीय प्रतियोगिताएं : अनिल बलूनी

देहरादून। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि औली को शानदार डेस्टिनेशन के रूप में विकसित कर यहां स्कीइंग की विश्व स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। बलूनी ने कहा कि हाल ही में उन्होंने औली क्षेत्र का भ्रमण किया।

स्कीइंग की असीम संभावनाओं को समेटे इस क्षेत्र को समझा, स्कीइंग के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और इस व्यवसाय से जुड़े युवकों से मुलाकात की।

साथ ही स्वयं भी स्कीइंग के रोमांच का अनुभव किया। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर मिले सुझावों और औली में बिखरी संभावनाओं ने इसे विश्व स्तरीय डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साल हजारों स्कीइंग प्रेमी भारत से यूरोप सहित अनेक देशों का रुख करते हैं। उस विकल्प को भारत में ही तैयार करके हम भारतीय स्कीइंग प्रेमियों और पर्यटकों के लिए एक शानदार डेस्टिनेशन तैयार करेंगे। विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त औली के स्कीइंग स्लोप विश्व भर के पर्यटकों का रुख औली की तरफ करेंगे। बलूनी ने कहा कि औली में स्कीइंग की विश्व स्तरीय प्रतियोगिताएं कराने की योजना पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि औली में नाइट स्कीइंग का ढांचा भी तैयार किया जाना चाहिए। ताकि औली एक बड़े एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में तैयार हो सके।

### श्यामपुर चौकी में कांग्रेस का प्रदर्शन

ऋषिकेश। श्यामपुर क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट और अन्य जगहों पर शराब की अवैध बिक्री को लेकर रविवार को कांग्रेस ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने श्यामपुर पुलिस चौकी में प्रदर्शन कर शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। श्यामुपर पुलिस चौकी के समक्ष प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बापूनगर श्यामपुर के अध्यक्ष विजयपाल सिंह रावत ने कहा कि न्याय पंचायत श्यामपुर क्षेत्र में धड़ल्ले से शराब की अवैध बिक्री हो रही है। आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि रिपोर्टिंग चौकी के 100 मीटर के दायरे में होटल एवं रेस्टोरेंट में शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से जारी है। बार–बार शिकायत करने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन शराब माफिया के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने में पूरी तरह से नाकारा सिद्ध हुआ है, जिससे आम जन मानस में रोष व्याप्त है।

# कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं



विकासनगर। बर्फबारी के बाद चकराता और पछुवादून क्षेत्र शीत लहर की चपेट में आ गया है। रविवार को सुबह से ही धूप खिली रहने के बावजूद मौसम में ठिठुरन रही। ठंड के चलते बाजारों की चहल–पहल भी प्रभावित रही। सर्दी बढ़ने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं। बुजुर्ग और बच्चों की सेहत पर मौसम का असर पड़ने लगा है। दो दिन हुई बर्फबारी के बाद बर्फ पिघलने से चकराता क्षेत्र के साथ ही पछुवादून भी कड़ाके की सर्दी की चपेट में आ गया है। चकराता की उंची पहाड़ियों देवबन, खडम्बा, मुंडाली, लोखंडी, लोहारी, जाड़ी, कोटी कनासर आदि पर बर्फ जमी हुई है। बर्फ गलने से चल रही बर्फीली हवाओं से क्षेत्र में शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया है।

**रोज़ाना आकर्षक इनाम जीतें**

लोहारी निवासी शेर सिंह चौहान, जाड़ी के शमशेर सिंह, शूरवीर सिंह आदि का कहना है कि गांव की पगडंडियों और जंगलों आदि में बर्फ जमी है। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। साथ ही पशुपालक अपने पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, मोटर मार्गों पर रात के समय पाला पड़ने से वाहन चलाने में परेशानी हो रही है।

**अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी**

सर्दी बढ़ने के कारण अस्पतालों में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार और निमोनिया के मरीज बढ़ गए हैं। इनमें बुजुर्ग और छोटे बच्चों की तादाद ज्यादा है। उप जिला चिकित्सालय विकासनगर के सीएमएस डॉ. विजय सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों में फ्लू जैसे लक्षण वाले मरीजों की संख्या बढ़नी शुरू हुई है।

तीन दिन पहले तक अस्पताल की दैनिक ओपीडी में करीब तीन सौ तक मरीज आ रहे थे। अब मरीजों की संख्या बढ़कर पांच सौ तक पहुंच गई है। इसी तरह सीएचसी सहसपुर, पीएचसी कालसी में भी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

# भाजपा ने अजय को दिया टिकट, कार्यकर्ताओं में उत्साह



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड की प्रदेश चुनाव समिति ने नगर निकाय के चुनाव के लिए 06 नगर निगमों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

नगर निकाय चुनाव के लिए अल्मोड़ा से मेयर के लिए भाजपा ने अजय वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। अल्मोड़ा मेयर सीट ओबीसी आरक्षित है। अजय वर्मा पूर्व में भी पालिकाध्यक्ष के लिए पार्टी से चुनाव लड़ चुके हैं अनारक्षित सीट पर मात्र 250 मतों के अंतर से हार गए थे। अजय वर्मा संगठन के जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं।

सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले अजय सौम्य व्यवहार के और मृदुभाषी माने जाते हैं। अजय वर्मा की पार्टी के कार्यकर्ताओं में अच्छी पैठ है और लोकप्रिय भी हैं। अजय को टिकट मिलने से कार्यकर्ताओं में उत्साह है और माना जा रहा है कि अजय ऐतिहासिक जीत दर्ज़ कर मेयर सीट पर बैठकर भाजपा का खाता खोलेंगे और अल्मोड़ा नगर निगम के पहले मेयर बनेंगे। अजय को टिकट मिलने पर यहाँ कार्यलय में अजय को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अजय को मिलने पर केन्द्रीय मंत्री सांसद अजय टम्टा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, ललित दोसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, गोविंद पिल्खवाल, प्रदेश मंत्री गंगा बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, बीना नयाल, प्रकाश भट्ट, महिपाल बिष्ट, मीना भैसोड़ा, नगर अध्यक्ष अमित साह आदि पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई।

### किसानों को फसल बीमा योजना देने की मांग

पिथौरागढ़। सीमांत डेवलपमेंट सोसाइटी ने बंगा पानी के काश्तकारों को फसल बीमा योजना देने की मांग की है। सस्ता ने काश्तकारों को फसल बीमा का लाभ दिलाने के लिए डीएम को ज्ञापन दिया। समिति के अध्यक्ष प्रकाश गिरी गोस्वामी ने बताया कि टांगा और मदकोट सहकारी समिति से जुड़े कुछ किसानों को बीमा योजना का लाभ मिला है। वहीं अधिकांश काश्तकार इससे वंचित हैं। उन्होंने सभी काश्तकारों को बीमा योजना का लाभ न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में केदार, जीवन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आरोग्य सबसे बड़ा धन :सुधांशु महाराज

देहरादून । विश्व जागृति मिशन देहरादून मंडल के अपर तुनवाला स्थित आनंद देव लोक आश्रम में आचार्य महेश शर्मा के पावन सानिध्य में सामूहिक हवन, सत्संग एवं भंडारा किया गया। संत सुधांशु महाराज ने वीडियो प्रोजेक्टर से प्रवचन में कहा आरोग्य सबसे बड़ा धन है, इसलिए अपने खानपान के साथ–साथ व्यायाम करना चाहिए। हमारे ग्रंथों में इसीलिए कहा गया है पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में हो माया। जिनके पास ये दोनों होंगे वही अपना कल्याण कर सकता है। मौके पर राजेंद्र सिंह सोलंकी, सोमती सोलंकी, रमेश थपलियाल, हरि सिंह नेगी, बलबीर सिंह कैंतुरा, नीलम गोठी, सतीश अहलूवालिया, विजय खत्री, प्रेम भाटिया, सुषमा भाटिया, पूनम सोनी, प्रवीण वर्मा, आनंद सिंह, मधु माटा, गीता भाटिया, अंजनी थपलियाल, सरदारी लाल भल्ला मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने अल्मोड़ा में मेयर के लिए पैराशूट प्रत्याशी पर खेला दांव

अल्मोड़ा। रविवार को कांग्रेस ने नगर निगम के मेयर पद के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी सूची के अनुसार अल्मोड़ा से मेयर पद के लिए भैरव गोस्वामी को दावेदार बनाया गया है। अल्मोड़ा में मेयर पद ओबीसी आरक्षित है। कांग्रेस ने यहाँ भैरव गोस्वामी पर दांव खेला है। भैरव गोस्वामी को पैराशूट प्रत्याशी कहा जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि भैरव गोस्वामी ने शनिवार को समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ली और रविवार को मेयर दावेदार में नाम आ गया। हालात को देखते हुए कहा जा सकता है कि यहाँ पर कांग्रेस की भैरव गोस्वामी से पहले से कोई बात चल रही थी जो कि सदस्यता लेने के 24 घंटे के भीतर मेयर दावेदारों की सूची में नाम आ गया। ये वही भैरव गोस्वामी हैं जो पूर्व में भाजपा से भी मेयर के दावेदार बताए जा रहे थे। कांग्रेस का कहना है कि भैरव गोस्वामी को कांग्रेस में शामिल कर उन्होंने भाजपा में सेंधमारी की है। उधर भाजपा जिलाध्यक्ष का कहना है कि भैरव गोस्वामी उनकी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता नहीं हैं। बहरहाल मुद्दा यह नहीं है कि भैरव गोस्वामी भाजपा के कार्यकर्ता थे या नहीं, असल मुद्दा यह है कि क्या कांग्रेस के पास ओबीसी में कोई चेहरा नहीं था या ऐसा चेहरा नहीं था जिसे मेयर का टिकट दिया जा सके। जहाँ एक तरफ भाजपा ने अजय वर्मा को टिकट देते हुए कहा कि जमीनी कार्यकर्ता को टिकट दिया है, वहीं ऐसा लगता है कि कांग्रेस के पास ओबीसी में कोई दमदार चेहरा या दावेदार नहीं रहा। अल्मोड़ा सीट की बात करें तो यहाँ कांग्रेस का गढ़ रहा है और विगत 02 बार से कांग्रेस के प्रत्याशी प्रकाश जोशी विजयी रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरी पार्टी से आए पैराशूट प्रत्याशी को टिकट देने की बात हजम नहीं हो रही है।

# गोल्डन कार्ड में पेंशनर्स से अधिक कटौती पर एसोसिएशन नाराज

देहरादून। उत्तराखंड जल निगम पेयजल पेंशनर्स एसोसिएशन ने गोल्डन कार्ड को लेकर पेंशनर्स से अधिक कटौती किए जाने पर नाराजगी जताई। रविवार को आस्था भवन में हुई बैठक में एक समान कटौती के साथ ही समय पर पेंशन भुगतान को दबाव बनाया। तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का भी तत्काल लाभ देने की मांग की। बैठक में अध्यक्ष पीएस रावत ने कहा कि गोल्डन कार्ड में पेंशनर्स ने एक साल की कटौती की गई है। जबकि कर्मचारियों से सिर्फ छह महीने की कटौती हुई है। ये पेंशनर्स साथ सीधे तौर पर भेदभाव है। इसे तत्काल बंद किया जाए। गोल्डन कार्ड का तत्काल लाभ सुनिश्चित कराया जाए। समय पर पेंशन का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का भी तत्काल लाभ सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में एक जनवरी 2016 से पहले रिटायर हुए पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान और 2016 में रिटायर हुए पेंशनर्स को संशोधित ग्रेच्युटी का लाभ मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। बैठक में महामंत्री पीके शुक्ला, आरके रोनिवाल, अवधेश कुमार, मुकेश जोशी, मनमोहन नेगी, ईश्वरपाल शर्मा, एनएस रावत, जीएस नेगी, वीके मित्तल, आरके कांबोज, आरबी मौर्य, सुनील कुमार, बसंत लाल, आलोक शर्मा, अनिल, एके सिंह, सुरेंद्र नेगी, हरिकृष्ण जोशी आदि मौजूद रहे।

### कोहरे के आगोश में डूबी सोरघाटी

पिथौरागढ़। नगर में बारिश के बाद धूप खिलने से मौसम सुहावना हो गया है, लेकिन अब कोहरा लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। रविवार को सोरघाटी कोहरे के आगोश में डूबी नजर आई।

### आवेदन पत्र जमा किए

चमोली। नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन जनपद के 10 निकायों के अध्यक्ष पद के लिए 08 तथा सदस्य पद के लिए 19 प्रत्याशियों ने आवेदन पत्र जमा किए।

रविवार को नगर पंचायत पीपलकोटी में अध्यक्ष पद के लिए 02 तथा सदस्य पद के लिए 02, नन्दप्रयाग में अध्यक्ष पद के लिए 02,कर्णप्रयाग में अध्यक्ष पद के लिए 02 तथा सदस्य पद के लिए 04, गैरसेंण में अध्यक्ष पद के लिए 01 तथा सदस्य पद के लिए 01, गौचर में अध्यक्ष पद के लिए 01 तथा सदस्य पद के लिए 02, थराली सदस्य पद के लिए 01, गोपेश्वर सदस्य पद के लिए 06, पोखरी में सदस्य पद के लिए 03 प्रत्याशियों ने आवेदन पत्र जमा किए।

# नामांकन से एक दिन पहले पृथक बैंक खाता खोलने में छूट

देहरादून। उत्तराखंड में जारी निकाय चुनाव की प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों को नामांकन से कम से कम एक दिन पहले बैंक खाता खोलने के मामले में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से छूट दी गई है।

अब कोई भी प्रत्याशी बिना खाता खोले नामांकन करा सकता है, लेकिन उसे नामांकन की अंतिम तिथि के दिन अंतिम समय से पहले बैंक खाता खुलवा कर बैंक डिटेल जमा करनी होगी। प्रदेश में नागर स्थानीय निकाय सामान्य निर्वाचन के कार्यक्रम की अधिसूचना 23 दिसंबर को जारी की गई थी। इसके तहत 27 से 30 दिसंबर के बीच नामांकन की प्रक्रिया जारी है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राहुल कुमार गोयल ने बताया कि पहले प्रत्याशियों के लिए चुनाव व्यय के लिए पृथक बैंक खाता नामांकन करने से कम से कम एक दिन पहले खोले जाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन इसमें कुछ व्यवहारिक दिक्कत आ रही थी। इसलिए अब निर्वाचन व्यय के लिए पृथक बैंक खाता नामांकन करने से कम से कम एक दिन पूर्व खोले जाने की व्यवस्था को संशोधित किया गया है। अब यदि कोई प्रत्याशी नामांकन प्रस्तुत करते समय बैंक खाता खोलने में असमर्थ रहता है तो संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्रत्याशी से नामांकन पत्र प्राप्त कर लेंगे, लेकिन ऐसे प्रत्याशी से बैंक खाता खोलने संबंधी अभिलेख नामांकन की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जमा किया जाना आवश्यक होगा। साथ ही यह भी स्पष्ट करना है कि बैंक खाता किसी भी बैंक में खोला जा सकता है। एसबीआई की कोई बाध्यता नहीं है।

# पिथौरागढ़ के 14 एनसीसी कैडेट्स गणतंत्र दिवपरेड का हिस्सा होंगे



पिथौरागढ़। दिल्ली में 26जनवरी को आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड का सीमांत के 14 एनसीसी कैडेट्स का हिस्सा होंगे। एनसीसी अधिकारियों का कहना है कि उत्तराखंड कण्टीजेंट में सबसे अधिक कैडेट्स यहां से चयनित हुए हैं। कैडेट्स के चयन से एनसीसी में खुशी व्याप्त है। रविवार को 80वीं उत्तराखंड एनसीसी वाहिनी के एनसीसी अधिकारी बीआर कोहली ने बताया कि चयनित कैडेट्स में लक्ष्मण सिंह महर कैंपस से अंडर ऑफिसर काव्या जोशी, कुमुद शर्मा, दीपशिखा चंद, मनजीत, कौशल सिंह खोलिया, प्रियांशु, पंकज, मुकेश, नीरज, जवाहर नवोदय विद्यालय से समीक्षा भट्ट, एसडीएस से भाष्कर टम्टा व जीपीजीसी लोहाघाट से योगिता परथोली, अंकित फर्त्याल, दिपांशु शामिल हैं। उक्त सभी कैडेट्स दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में चयन से पूर्व इन कैडेट्स को इंटर बटालियन व इंटर ग्रुप कम्पटीशन के चार कठिन चरणों से गुजरना पड़ा। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस तड़ागी इस बार बेस्ट कैडेट के चयन के लिए गठित बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स में थे। बटालियन के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल देवेश सिंह ऐरी को उत्तराखंड के कण्टीजेंट की कमाण्ड और कंट्रोल की जिम्मेदारी दी गई है।

# ऋषिकेश से दीपक जाटव, हरिद्वार में अमरेश वालियान के नाम की घोषणा

देहरादून। उत्तराखंड में सौ निकायों में शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया के तहत कांग्रेस ने नगर निगमों में मेयर पद पर अपनी दूसरी सूची जारी करते हुए पांच प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इससे पहले पार्टी पहली सूची में तीन नाम पहले ही घोषित कर चुकी है। जबकि तीन नगर निगमों (देहरादून, कोटद्वार और पिथौरागढ़) में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होना बाकी है। उम्मीद की जा रही है कि रविवार देर रात तक अंतिम सूची जारी हो सकती है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरा दत्त जोशी के हवाले से जारी सूची में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित ऋषकेश सीट में दीपक जाटव के नाम की घोषणा की गई है। ओबीसी महिला के लिए आरक्षित हरिद्वार सीट पर अमरेश वालियान को मौका दिया गया है। वहीं महिला के लिए आरक्षित रुड़की में पूजा गुप्ता के नाम की घोषणा की गई है। रुद्रपुर में सामान्य सीट पर मोहन सिंह खेड़ा और ओबीसी के लिए आरक्षित अल्मोड़ा में भैरव गोस्वामी के नाम की घोषणा की गई है। बता दें कि कांग्रेस इससे पहले तीन नगर निगमों में पहले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। इनमें नगर निगम श्रीनगर से मीना रावत, नगर निगम काशीपुर से संदीप सहगल और हल्द्वानी से ललित जोशी को प्रत्याशी बनाया गया है।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338